हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग

(पूर्व नाम– दुर्ग विश्वविद्यालय, दुर्ग)
रायपुर नाका, दुर्ग

Email: registrar@durguniversity.ac.in Website: www.durguniversity.ac.in Phone 0788-2359100

क्र. 540 /कुलसचिव कार्या./2021 दुर्ग, दिनांक : 20/05/2021

//सूचना//

हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग के अंतर्गत आने वाले समस्त महाविद्यालयों के प्राचार्यों को निर्देशित किया जाता है कि राजभवन, रायपुर से प्राप्त निर्देशानुसार समस्त महाविद्यालयों में कोरोना संक्रमण से रोकथाम संबंधी जागरूकता जागृत करने हेतु तथा जल संरक्षण से संबंधित जागरूकता कार्यक्रम के महाविद्यालयों में ऑनलाईन रूप से आयोजन किया जाना है। इस संबंध में उपरोक्त दोनों जागरूकता जागृत करने हेतु महाविद्यालय अपने–अपने स्तर पर विभिन्न ऑनलाईन प्रतियोगिताएं आयोजित कर उसका सम्पूर्ण विवरण तथा छायाचित्र विश्वविद्यालय को दिनांक 10.06.2021 तक *dsw@durguniversity.ac.in* में उपलब्ध कराना सुनिश्चित् करें।

इसी संबंध में हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग द्वारा निम्नलिखित अंतर्महाविद्यालयीन ऑनलाईन स्पर्धाओं का आयोजन निम्नानुसार किया जा रहा है। आप अपने महाविद्यालय के नियमित शिक्षकों, कर्मचारियों तथा छात्र–छात्राओं को सूचित कर अधिक से अधिक संख्या में इन प्रतियोगिताओं में सहभागिता हेतु प्रेरित करें।

1 नियमित विद्यार्थियों हेतु कोरोना संक्रमण से बचाव पर केन्द्रित अंतर्महाविद्यालयीन चित्रकला प्रतियोगिता (विद्यार्थियों को ड्राइंग शीट के एक चौथाई आकार की साइज में अपनी मौलिक पेन्टिंग बनाकर उसका छायाचित्र एवं अपना सम्पूर्ण विवरण– नाम, महाविद्यालय का नाम, कक्षा, मो. न. विश्वविद्यालय को दिनांक 27.05.2021 तक भेजना होगा)

2 नियमित विद्यार्थियों हेतु जल संरक्षण पर केन्द्रित अंतर्महाविद्यालयीन निबंध प्रतियोगिता (विद्यार्थियों को अधिकतम 1000 शब्द, हिन्दी अथवा अंग्रेजी भाषा में दिनांक 30.05.2021 तक विश्वविद्यालय को प्रेषित करना होगा।

3 नियमित प्राध्यापकों/सहा. प्राध्यापकों के लिए जल संरक्षण के उपयों पर केन्द्रित अंर्तमहाविद्यालयीयन पावर प्वाइंट प्रस्तुतिकरण (अधिकतम 6 मिनट अवधि तथा 10 एम बी फाईल) प्रतियोगिता। इस संबंध में दिनांक 27.05.2021 तक प्राप्त प्रविष्टियों वाले प्रत्येक प्राध्यापकों/सहा. प्राध्यापकों को विश्वविद्यालय द्वारा जारी समय सारिणी के अनुसार ऑनलाईन रूप से विषय–विशेषज्ञों के समक्ष अपनी पावर प्वाइंट प्रस्तुति देनी होगी।

4 महाविद्यालयों के नियमित तृतीय एवं चतुर्थ वर्ग कर्मचारियों हेतु कोरोना संक्रमण अथवा जल संरक्षण विषय पर अंर्तमहाविद्यालयीन ऑनलाईन निबंध प्रतियोगिता (अधिकतम 1000 शब्द, हिन्दी अथवा अंग्रेजी भाषा) में दिनांक 30.05.2021 तक विश्वविद्यालय को प्रेषित करना होगा।

5 जल संरक्षण के क्षेत्र में महाविद्यालयों द्वारा किये गये उल्लेखनीय कार्यों / गतिविधियों को प्रदर्शित करने वाली अधिकतम 10 पृष्ठों वाली अंर्तमहाविद्यालयीन रिपोर्ट प्रतियोगिता। इस प्रतियोगिता में प्रतिभागी महाविद्यालयों द्वारा भेजी गई रिपोर्ट का मूल्यांकन विश्वविद्यालय की माननीय कुलपति द्वारा गठित विशेषज्ञ समिति द्वारा किया जायेगा।

उपरोक्त समस्त ऑनलाईन प्रतियोगिताओं की प्रविष्टियां प्रतिभागी ईमेल आई.डी *dsw@durguniversity.ac.in* पर निर्धारित तिथि तक अपने सम्पूर्ण विवरण सहित भेजना सुनिश्चित् करें। उपरोक्त समस्त ऑनलाईन प्रतियोगिताओं के विजेताओं को हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग द्वारा पुरूस्कृत किया जायेगा।

डॉ. सी. एल. देवांगन
कुलसचिव
हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग